# शिव धनुष टूटते ही गूंजा जयघोष, सीता जी के हुए प्रभु श्रीराम

## दाऊ दयाल खन्ना नगर में सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ का मंचन, लाजपत नगर में रावण के अत्याचारों से मुक्ति प्रसंग दर्शाया

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद : दाऊ दयाल खन्ना नगर स्थित रामलीला मैदान में शुक्रवार को श्री राम सिंह कुंती कला संगम के कलाकारों ने राजा-जनक संवाद, सीता स्वयंवर और धनुष यज्ञ की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। भगवान गणेश और मां सरस्वती की आराधना के बाद मिथिलापुरी के दरबार का दृश्य सजा। रावण ने अपने बल का प्रदर्शन करते हुए शिव धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सका। इसके बाद एक-एक कर राजा और राजकुमार भी धनुष उठाने में असफल रहे। राजा जनक की चिंता बढ़ी तो गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम आगे आए। उन्होंने सहजता से धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष टूट गया। इस दौरान अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, मंत्री मयंक बंसल आदि उपस्थित रहे।

**पाकबड़ा में रामलीला का शुभारंभ :** पाकबड़ा : नगर में शुक्रवार को रामलीला का शुभारंभ एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी ने फीता काटकर किया। रामलीला का मंचन शुरू होते ही श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। रामायण के प्रसंगों पर आधारित मंचन ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। रामलीला देखने के लिए पंडाल में लोगों की भीड़ जुटी रही। इस दौरान पूर्व चेयरमैन खेमपाल देवी, लाला सतपाल हुड्डा, सुनील गुप्ता, सीताराम रुहेला, केके सैनी, डा. ऋषिपाल सिंह, संजीव, जय प्रकाश आदि रहे।

दाऊदयाल खन्ना नगर में श्रीराम-जानकी विवाह लीला का मंचन करते कलाकार●

मुरादाबाद के दाऊ दयाल खन्ना नगर की रामलीला में सीता स्वयंवर के दौरान प्रभु श्रीराम स्वरूप कलाकार ने जब शिव धनुष तोड़ा तो जय श्रीराम के जयकारों से स्थल गूंज उठा। पुष्पवर्षा और भक्तिमय माहौल में श्रद्धालु भावविभोर हो उठे ● सुनील यादव (लवलीन)

### रावण के अत्याचारों से त्रस्त धरती ने लगाई गुहार, अवतार का मिला आश्वासन

लाजपत नगर रामलीला मैदान के भव्य रंगमंच पर शुक्रवार को शांति लाजपत नगर के तत्वावधान में श्री ब्रजधाम समकृष्ण लीला संस्थान, वृंदावन के कलाकारों ने भगवान श्रीराम के अवतार की पृष्ठभूमि का मंचन किया। संचालक स्वामी नंदकिशोर शर्मा के निर्देशन में मनु और शतरूपा की तपस्या का प्रसंग प्रस्तुत हुआ। दोनों ने भगवान विष्णु से पुत्र रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा। दूसरी ओर पृथ्वी पर बढ़ते अत्याचारों से व्याकुल धरती भगवान विष्णु के पास पहुंची और रावण के आतंक से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लेने का आश्वासन दिया। इसके बाद रावण, कुंभकरण और विभीषण के जन्म तथा ब्रह्मा जी की कठोर तपस्या का प्रसंग दिखाया गया।

लाजपतनगर स्थित मैदान में रामलीला का मंचन करते कलाकार● जागरण

समिति अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद बाबू सक्सेना, मंत्री श्याम कृष्ण रस्तोगी, कोषाध्यक्ष मुकुल बंसल और व्यवस्थापक शरद अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्था संभाली।

### पुराना दसवां घाट की रामलीला मुकुट पूजन व शोभायात्रा के साथ शुरू

प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव का शुभारंभ आचार्य अनिल भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन संपन्न कराया। रात में बाबा कामेश्वर नाथ 84 घंटा मंदिर में पुजारी विष्णु दत्त शर्मा ने भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के मुकुटों का विधि-विधान से पूजन कराया। इसके बाद मुख्य अतिथि केके मिश्र और धर्मेंद्र यादव ने नारियल फोड़कर शोभायात्रा रवाना की। शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ।

पुराना दसवां घाट पर रामलीला के शुभारंभ में मुकुट पूजन शोभायात्रा में शामिल अतिथि ●

# रानी नांगल के 'उपप्रधान' रामलीला में बनेंगे 'हनुमान'

संस, दाऊ दयाल खन्ना नगर : जनसेवा के दायित्वों का निर्वहन करने वाले गांव रानी नांगल के उपप्रधान मनीष सिंह अब रामलीला के मंच पर भक्तिरस की छटा बिखेरते नजर आएंगे। 26 वर्षीय मनीष इस वर्ष दाऊ दयाल खन्ना नगर की रामलीला में पहली बार हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं, राजनीति, खेल और अभिनय के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके मनीष के लिए यह भूमिका महज एक किरदार नहीं, बल्कि आस्था, समर्पण और साधना से जुड़ा विशेष अवसर है. मूल रूप से उत्तराखंड के बाजपुर क्षेत्र के निवासी मनीष का राजनीतिक सफर पारिवारिक संस्कारों से प्रेरित रहा है। पूर्व में उनके पिता भी गांव के प्रधान रह चुके हैं। बीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद मनीष ने सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी शुरू की। धीरे-धीरे जनसंपर्क और अनुभव के साथ उन्हें अपने पैतृक गांव रानी नांगल में उपप्रधान का दायित्व मिला। खेल के मैदान में भी उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और फुटबॉल खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल कर गांव का गौरव बढ़ाया। धार्मिक मंचों से जुड़ने की उनकी शुरुआत अनायास हुई। जिम में अभ्यास के दौरान उनकी मुलाकात प्रमोद राजहंस से हुई। मनीष की चुस्त कद-काठी और बेहतर फिटनेस से प्रभावित होकर प्रमोद ने उन्हें धार्मिक आयोजनों में अभिनय करने के लिए प्रेरित किया। प्रमोद स्वयं श्रीराम सिंह कुंती कला संगम से जुड़े हैं और रामलीला में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। उन्हीं के माध्यम से मनीष की मुलाकात निर्देशक राहुल कुमार से हुई और यहीं से उनके रंगमंचीय सफर को नई दिशा मिली। पिछले पांच वर्षों से श्रीराम सिंह कुंती कला संगम से जुड़े मनीष करीब तीन वर्षों से मुरादाबाद की रामलीला में सक्रिय रहे हैं। छोटे पात्रों से शुरुआत कर वह भगवान शंकर, आर्य सुमंत, इंद्रजीत और बाली जैसे महत्वपूर्ण किरदार निभा चुके हैं। भगवान शंकर की भूमिका को वह अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ अभिनय मानते हैं।इस बार हनुमान का चरित्र निभाना उनके लिए विशेष भावनात्मक महत्व रखता है। मनीष का कहना है कि हनुमान जी के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा है। वह अपने अभिनय में बजरंगबली की भक्ति, वीरता, विनम्रता और समर्पण को साकार करना चाहते हैं, ताकि मंच पर उनका अभिनय केवल दर्शनीय न रहे, बल्कि दर्शकों के हृदय में श्रद्धा और भक्ति का भी संचार करे।

मनीष सिंह ● सौ. स्वयं

जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप की तैयारी को लेकर बैठक करते पदाधिकारी ● सौ.आयोजक

# जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में दो सौ खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

मुरादाबाद : रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद की ओर से आयोजित होने वाली चतुर्थ जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। संस्था के अध्यक्ष अशोक सिंघल, सचिव देवेंद्र कुमार राणा, कोषाध्यक्ष परमेश चरण, सह सचिव सचिन नैनवाल, सह सचिव विपिन जखमौला समेत संस्था के सदस्यों ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तय की। अध्यक्ष ने बताया कि 11 अक्टूबर को स्प्रिंगफील्ड्स स्कूल न्यू मुरादाबाद में चतुर्थ जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में मुरादाबाद शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग दो खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता में क्वाड्स, इनलाइन, एडजस्टेबल तथा टाय इनलाइन की चार श्रेणियों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक श्रेणी में सात आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 4 से 6 वर्ष, 6 से 8 वर्ष, 8 से 10 वर्ष, 10 से 12 वर्ष, 12 से 15 वर्ष, 15 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों को आगामी 12वीं उत्तर प्रदेश स्टेट रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 28 अक्टूबर तक देवस्वोम स्केटिंग ट्रैक गौतमबुद्धनगर में किया जाएगा। वि.

## राज्य स्तरीय कबड्डी में मुरादाबाद ने दर्ज की जीत

जासं, गोरखपुर : राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में शुक्रवार को मुरादाबाद की टीम ने जीत दर्ज की।

खेल विभाग उप्र और क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन कुल नौ मुकाबले खेले गए। जिसमें मुरादाबाद ने अयोध्या को 15-02 से हराया।

## तीन बेटों की हत्या में उम्रकैद पाई मां हाई कोर्ट से बरी

विधि संवाददाता, जागरण ● प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति मनोज बजाज और न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की खंडपीठ ने मुरादाबाद में अपने तीन बेटों को जहर देकर मारने के मामले में उम्रकैद की सजा काट रही मधु को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

खंडपीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। कोर्ट ने मधु को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है, बशर्ते वह अन्य मामले में वांछित न हो। अतिरिक्त सत्र अदालत ने अगस्त 2015 को दोषी ठहराकर उम्रकैद की सजा सुनाई थी, तबसे वह जेल में थी। घटना 18 सितंबर 2012 सिविल लाइंस क्षेत्र की है।

## पीएमश्री राजकीय इंटर कालेज में लगा करियर मेला

पाकबड़ा : पीएमश्री राजकीय इंटर कालेज में शुक्रवार को करियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। संयुक्त शिक्षा निदेशक शिवलाल ने छात्र-छात्राओं को अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप करियर चुनने, नवीनतम अवसरों की जानकारी प्राप्त करने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। मनोविज्ञान अधिकारी रीना तोमर ने छात्र छात्राओं को उनकी रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुरूप करियर चयन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डा. अभिषेक कुमार मिश्रा ने कहा कि करियर मार्गदर्शन छात्र छात्राओं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे आयोजनों से छात्र छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों की वास्तविक जानकारी प्राप्त होती है। इसके अलावा छात्र छात्राओं ने विशेषज्ञों से संवाद किया। प्रश्नोत्तरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नीलू शर्मा, अनवार हुसैन, निशा, ज्योति, नरेश कुमार वर्मा, भूपेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। वि.

## मकान में ताला, दोनों पक्ष ठोक रहे अपना-अपना दावा

जासं, मुरादाबाद : सिविल लाइंस क्षेत्र के रामगंगा विहार क्षेत्र स्थित मकान में असमोली ब्लाक प्रमुख संतोष देवी के साथ हुई मारपीट और मकान कब्जाने की कोशिश के बाद अब दोनों पक्ष मकान पर अपना-अपना दावा ठोक रहे है। उधर मकान पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मकान को सील कराने के लिए पुलिस रिपोर्ट एसडीएम कोर्ट भेज रही है। ब्लाक प्रमुख संतोष देवी अपने परिवार के साथ लंबे समय से रामगंगा विहार स्थित मकान में रहती है। इस मकान पर प्रदीप कुमार गुप्ता निवासी देहरादून अपना होने का दावा करते है। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चला आ रहा है। दोनों पक्ष मकान को अपना होने का दावा करते है। गुरुवार शाम प्रदीप कुमार गुप्ता कुछ अधिवक्ताओं के साथ महिला और पुरुषों को लेकर मकान पर पहुंच गए। उस समय आवास में ब्लाक प्रमुख मौजूद थी। लोगों ने जाते ही तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। ब्लाक प्रमुख ने विरोध किया तो उन्हें दौड़ाकर पीटा गया। इसके बाद मकान के पूरे सामान को बाहर सड़क पर रख दिया। हंगामा होता देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो थी। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया था। अब दोनों पक्ष मकान पर अपना-अपना दावा कर रहे है। इंस्पेक्टर हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मकान को सील कराया जा रहा है।


## पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !

सर्किल कार्यालय : ARMB शाखा, रामगंगा विहार, निकट सैल टैक्स, मुरादाबाद (यू.पी.)
EMAIL: cs8281@pnb.co.in

## ई-नीलामी विक्रय सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निमाण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक / प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी के अंकितानुसार तिथि को **"जैसी है जहां है", "जो भी है वही है"** आधार पर बेचा जायेगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

**ई-नीलामी की तिथि एवं समय- 27.10.2026 प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक एवं शाखाः ARMB (828100), मुरादाबाद**

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/ गारंटर का नाम | बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण सम्पत्ति स्वामी का नाम | सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधी न मांग सूचना की तिथि<br>सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि<br>कब्जे की प्रकृति | आरक्षित मूल्य (रूपये में)<br>ईएमडी (रूपये में)<br>बोली वृद्धि राशि | QR कोड |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **मैसर्स ए.एच. हैंडीक्राफ्ट्स, श्री मोहम्मद अकरम पुत्र श्री अल्ताफ हुसैन, श्रीमती नाजिया परवीन उर्फ निक्की पत्नी श्री मोहम्मद अकरम।** | साम्यिक आवासीय संपत्ति स्थित है नया गाँव, विद्या नगर, रेलवे स्टेशन हरथला के निकट, तहसील एवं जिला मुरादाबाद (उ.प्र.), (नामित है श्रीमती नाजिया परवीन उर्फ निक्की पत्नी श्री मोहम्मद अकरम के नाम), जिसमें दो विक्रय विलेख सम्मिलित हैं। प्रथम विक्रय विलेख बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 9593, पृष्ठ संख्याः 323-350, क्रम संख्याः 1422, दिनांक 19.02.2015, जिसका क्षेत्रफल 31.20 वर्ग मीटर तथा द्वितीय विक्रय विलेख बही संख्या 01, जिल्द संख्याः 7623, पृष्ठ संख्याः 133-160, क्रम संख्याः 3610, दिनांक 26.04.2012, जिसका क्षेत्रफल 95.14 वर्ग मीटर उक्त **आवासीय एकमंजिला भवन का कुल क्षेत्रफल 126.34 वर्ग मीटर है। चौहद्दीः पूर्वः** श्री मोहम्मद सिद्दीक का मकान, **पश्चिमः** श्री मोहम्मद रफी का मकान, **उत्तरः** अय्यूब का मकान एवं 4.05 मीटर चौड़ा रास्ता, **दक्षिण** : शराफत का मकान। | 09.06.2025<br>रू. 25,56,008.94/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 09.06.2025 से प्रभावी<br>सांकेतिक कब्जा | (A) रू.44,44,200/-<br>(B) रू. 4,44,420/-<br>(C) रू. 50,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBAHHANDICRAFT | |
| 2 | **गर्जिया एंटरप्राइजेज (फर्म), श्री ओम प्रकाश गंगवार पुत्र श्री थान सिंह, श्रीमती सुनीता पत्नी स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गंगवार, श्री कार्तिक गंगवार पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गंगवार, श्री उत्कर्ष गंगवार पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गंगवार।** | संपत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है ग्राम रसदंडिया, तहसील मिलक, जिला रामपुर (उ.प्र.), (नामित है ओम प्रकाश गंगवार पुत्र श्री थान सिंह के नाम), जिसका क्षेत्रफल 100.33 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 3151, पृष्ठ संख्याः 59 से 130, क्रम संख्याः 7095, दिनांक 09.11.2016, **चौहद्दीः पूर्व** : मिलक से बिलासपुर मार्ग, **पश्चिम** : विक्रेता की आराजी, **उत्तर** : क्रेता का मकान, **दक्षिण** : अन्य की आराजी। | 08.08.2023<br>रू. 38,45,934.00/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 08.08.2023 से प्रभावी<br>सांकेतिक कब्जा | (A) रू.23,03,000/-<br>(B) रू. 2,30,300/-<br>(C) रू. 25,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2072 | |
| 3 | **मैसर्स आलिया हैंडीक्राफ्ट, श्री नावेद अहमद पुत्र श्री कमरुद्दीन, श्रीमती रिहाना खातून पत्नी श्री कमरुद्दीन।** | **टाइटल डीड नंबर 01**:- आवासीय संपत्ति स्थित है मोहल्ला छेबड़ा, नई आबादी, अमरोहा (उ.प्र.), (नामित है श्रीमती रिहाना खातून पत्नी श्री कमरुद्दीन के नाम) जिसका क्षेत्रफल 35.00 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 7871, पृष्ठ संख्याः 33-46, क्रम संख्याः 19021, दिनांक 07.11.2015, **चौहद्दीः पूर्व** : नए क्रेता रिहाना का प्लॉट, **पश्चिम** : आजम का प्लॉट, **उत्तर** : 3.66 मीटर चौड़ा रास्ता, **दक्षिण** : शरफुद्दीन एवं फजलू की आराजी।<br>**टाइटल डीड नंबर 02**:- आवासीय संपत्ति स्थित है मोहल्ला छेबड़ा, नई आबादी, अमरोहा (उ.प्र.), (नामित है श्रीमती रिहाना खातून पत्नी श्री कमरुद्दीन के नाम), जिसका क्षेत्रफल 35.00 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 7871, पृष्ठ संख्याः 47-60, क्रम संख्याः 19022, दिनांक 07.11.2015, **चौहद्दीः पूर्व** : खाली प्लॉट, **पश्चिम** : नए क्रेता रिहाना का प्लॉट, **उत्तर** : 3.66 मीटर चौड़ा रास्ता, **दक्षिण** : शरफुद्दीन एवं फजलू की आराजी। | 09.06.2025<br>रू. 20,28,688.67/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 09.06.2025 से प्रभावी<br>सांकेतिक कब्जा | (A) रू.15,30,900/-<br>(B) रू. 1,53,090/-<br>(C) रू. 20,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBDALIYA | |
| 4 | **मैसर्स अल-हक फूड्स, श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी ताहुर हक, कुमारी जावेरिया नूर पुत्री स्वर्गीय श्री अहतशामुल हक, कुमारी अमरा नूर पुत्री स्वर्गीय श्री अहतशामुल हक, श्री इनाम उल हक पुत्र स्वर्गीय श्री अहतशामुल हक, श्रीमती रुबीना पत्नी श्री अहतशामुल हक, मोहम्मद खालिद पुत्र मोहम्मद शाहिद, श्री नसर आदिल कुरैशी पुत्र श्री जफर आदिल कुरैशी।** | **सम्पत्ति संख्या 1**:- इंडस्ट्रियल बिल्डिंग की साम्यिक संपत्ति स्थित है खसरा संख्या 461 मि., ग्राम-मौजा भोजपुर, धरमपुर, एहतमाली, मुरादाबाद (उ.प्र.), (नामित है श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी ताहुर हक के नाम) जिसका क्षेत्रफल 3480 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 5952, पृष्ठ संख्याः 1-16, क्रम संख्याः 13422, दिनांक 29.10.2007 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद (उ.प्र.)<br>**सम्पत्ति संख्या 2**:- इंडस्ट्रियल बिल्डिंग की साम्यिक संपत्ति स्थित है खसरा संख्या 461 मि. (1/4 भाग) एवं खसरा संख्या 462, ग्राम-मौजा भोजपुर, धरमपुर, एहतमाली, परगना मुरादाबाद, उ.प्र., (नामित है श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी ताहुर हक के के नाम), जिसका क्षेत्रफल 3190 वर्ग मीटर पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 6283, पृष्ठ संख्याः 231-250, क्रम संख्याः 6982, दिनांक 31.05.2008 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद (उ.प्र.)<br>**सम्पत्ति संख्या 3**:- साम्यिक संपत्ति स्थित है खसरा संख्या 454, ग्राम-मौजा भोजपुर, धरमपुर, मुरादाबाद (उ.प्र.), (नामित है श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी ताहुर हक के नाम) जिसका क्षेत्रफल 910 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 11749, पृष्ठ संख्याः 363-380, क्रम संख्याः 7105, दिनांक 28.04.2015 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद (उ.प्र.)<br>**सम्पत्ति संख्या 4**:- साम्यिक स्थित है खसरा संख्या 466 एवं खसरा संख्या 470/1261, ग्राम भोजपुर, धरमपुर, एहतमाली, परगना एवं तहसील मुरादाबाद (उ.प्र.), (नामित है श्री अहतशामुल हक पुत्र श्री हाजी ताहुर हक के नाम), जिसका क्षेत्रफल 2895 वर्ग मीटर, पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 10303, पृष्ठ संख्याः 361-390, क्रम संख्याः 20056, दिनांक 07.12.2013 सब-रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद (उ.प्र.) | 29/04/2021 & 06/05/2024<br>रू. 5,62,81,745.60/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 29/04/2021 & 06/05/2024 से प्रभावी<br>भौतिक कब्जा | सम्पत्ति नं. 1 व 2 के लिए<br>(A) रू.2,49,03,900/-<br>(B) रू. 24,90,390/-<br>(C) रू. 1,00,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD170<br>सम्पत्ति नं. 3 के लिए<br>(A) रू.15,31,800/-<br>(B) रू. 1,53,180/-<br>(C) रू. 25,000/-<br>सम्पत्ति नं. 4 के लिए<br>(A) रू.48,72,600/-<br>(B) रू. 4,87,260/-<br>(C) रू. 50,000/- | |
| 5 | **मैसर्स डायमंड मेटल्स मेकर्स, (ऋणी फर्म)** पताः डायमंड कॉलोनी, गली नं. 2, दस सराय, मुरादाबाद (यू.पी.) **श्री अजीम सैफी पुत्र श्री नवी अहमद, (स्वामी/ऋणी)** निवासी 2/40, जयंतिपुर अंशिक, मुरादाबाद (यू.पी.) **मोहम्मद शाकिर पुत्र फिदा हुसैन, (गारंटर)** निवासी रहमत नगर, गली नं. 1, मुरादाबाद (उ.प्र.) | साम्यिक संपत्ति स्थित है शिवपुरी (भदोरा), मुरादाबाद, जिसका क्षेत्रफल 60.00 वर्ग मीटर है (नामित है मोहम्मद आजम सैफी पुत्र नबी अहमद के नाम) पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 11921, पृष्ठ संख्याः 283 से 322, विक्रय विलेख संख्याः 10853, दिनांक 24.06.2015, **चौहद्दीः पूर्वः** अन्य संपत्ति खसरा संख्या 319, **पश्चिम** : डॉ. अभिजीत कुमार की संपत्ति, **उत्तर** : सरकारी सड़क (रामपुर रोड), **दक्षिण** : कब्रिस्तान एवं मजार। | 27.07.2018<br>रू. 58,51,933/-+ ब्याज और अन्य शुल्क, 27.07.2018 से प्रभावी<br>सांकेतिक कब्जा | (A) रू. 43,35,000/-<br>(B) रू. 4,33,500/-<br>(C) रू. 50,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2150 | |
| 6 | **मैसर्स चौधरी मोटर्स ऋणी फर्म श्री खलील पुत्र श्री शरीफ अहमद (भागीदार एवं बंधककर्ता) श्री मोहम्मद उस्मान अली पुत्र श्री शरीफ अहमद (भागीदार एवं बंधककर्ता) श्रीमती शायमा पत्नी श्री खलील खान (गारंटर एवं बंधककर्ता)** | साम्यिक संपत्ति स्थित है फ्लैट संख्या बी-69, द्वितीय तल, बिना छत अधिकार, तीन-मंजिला डीडीए फ्लैट/भवन, ब्लॉक बी, डीडीए कॉलोनी, न्यू जाफराबाद, दिल्ली-32, जिसका क्षेत्रफल 65.00 वर्ग मीटर (नामित है श्रीमती शायमा पत्नी श्री खलील खान के नाम) पंजीकृत है संख्याः 2332, बही संख्याः 1, वॉल्यूम संख्या 2,402, पृष्ठ संख्याः 86-94, दिनांक 27.05.2017, सब-रजिस्ट्रार-IVA, शाहदरा, नई दिल्ली/दिल्ली **चौहद्दीः पूर्व** : संपत्ति संख्या बी-70, **पश्चिम** : अन्य संपत्ति, **उत्तर** : अन्य संपत्ति, **दक्षिण** : प्रवेश मार्ग। | 10.10.2024<br>रू. 76,52,252/-+ ब्याज और अन्य शुल्क, 10.10.2024 से प्रभावी<br>सांकेतिक कब्जा | (A) रू. 36,48,000/-<br>(B) रू. 3,64,800/-<br>(C) रू. 50,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2230 | |
| 7 | **मैसस एस.एन. इलेक्ट्रॉनिक ऋणी फर्म,** निवासीः ग्राम ढकिया पीरू, डाकघर ढकिया जाट, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद। **शाहिद हुसैन पुत्र मोहम्मद हनीफ ऋणी/भागीदार,** निवासीः ग्राम ढकिया पीरू, डाकघर ढकिया जाट ठाकुरद्वारा मुरादाबाद **नूर अहमद पुत्र मो. हनीफ (ऋणी/भागीदार)** निवासीः गांव ढकिया पीरू पो. ढकिया जाट ठाकुरद्वारा मुरादाबाद **जेन आलम पुत्र कलुवा, गारंटर** निवासी ढकिया जाट तहसील-ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद **मो. हनीफ पुत्र हैदर अली (गारंटर)** निवासी-ढकिया जाट, तहसील-ठाकुरद्वारा, जिला-मुरादाबाद | साम्यिक संपत्ति स्थित है ग्राम ढकिया पीरू, तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद, जिसका कुल क्षेत्रफल 49.05 वर्ग मीटर (नामित है श्री शाहिद हुसैन पुत्र मोहम्मद हनीफ के नाम), पंजीकृत है बही संख्याः 01, जिल्द संख्याः 2562, पृष्ठ संख्याः 87 से 140, विक्रय विलेख संख्याः 599, दिनांक 23.02.2017 **चौहद्दीः पूर्व** : आसिफ एवं क्रेता का प्लॉट, **पश्चिम** : विल्किस की दुकान, **उत्तर** : हमीद का मकान एवं रास्ता, **दक्षिण** : वसीम का मकान एवं रास्ता। | 14.01.2022<br>रू. 24,28,442.44.00/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 14.01.2022 से प्रभावी<br>सांकेतिक कब्जा | (A) रू. 23,59,000/-<br>(B) रू. 2,35,900/-<br>(C) रू. 50,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2020 | |
| 8 | **मैसस श्री हीरा इंडस्ट्रीज (ऋणी फर्म)** पताः ग्राम राजपुरा, राठौड़ा-गलया रोड, तहसील मिलक, जिला रामपुर (उ.प्र.)। **श्री इंद्र पाल सिंह पुत्र श्री हीरा लाल (गारंटर एवं बंधककर्ता)** पताः मकान नं. 393, राठौड़ा, तहसील मिलक, जिला रामपुर-243701 (उ.प्र.)। **श्रीमती सुमन पत्नी श्री इंद्र पाल सिंह (गारंटर)** पताः मकान नं. 393, राठौड़ा, तहसील मिलक, जिला रामपुर-243701 (उ.प्र.)। | फैक्ट्री संपत्ति और इमारत स्थित है ग्राम राजपुरा, तहसील मिलक, जिला रामपुर (उ.प्र.), खाता संख्या 202, खसरा संख्या 393 मि., जिसका क्षेत्रफल 2320 वर्ग मीटर है (नामित है श्री इंद्रपाल सिंह पुत्र श्री हीरा लाल एवं श्री हीरा लाल पुत्र श्री नेम चंद्र के नाम), उक्त भूमि को वाद संख्या 07/2008-09, दिनांक 28.10.2009 के माध्यम से गैर-कृषि भूमि में परिवर्तित किया गया है। **चौहद्दीः पूर्व** : नरेश कुमार एवं ओमेंद्र कुमार आदि की भूमि, **पश्चिम** : चक रोड (राठौड़ा-गलया रोड), **उत्तर** : नाथू लाल एवं अन्य की संपत्ति, **दक्षिण** : तेज राम की संपत्ति। | 13.01.2023<br>रू. 57,56,167 /- + ब्याज और अन्य शुल्क, 13.01.2023 से प्रभावी<br>सांकेतिक कब्जा | (A) रू. 61,58,000/-<br>(B) रू. 6,15,800/-<br>(C) रू. 50,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2187 | |
| 9 | **कार्तिक आर्यन बिल्डर्स एंड प्रॉपर्टी डीलर (ऋणी फर्म) श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री राम अवतार, श्रीमती सुनीता पत्नी स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गंगवार, श्री कार्तिक गंगवार पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गंगवार, श्री उत्कर्ष गंगवार पुत्र स्वर्गीय श्री ओम प्रकाश गंगवार, श्री ओम कमल गंगवार पुत्र श्री थान सिंह, श्री ओम आनंद गंगवार पुत्र श्री थान सिंह।** | **सम्पति संख्या 1**- तीन-मंजिला आवासीय भवन स्थित है ग्राम रसदंडिया, केमरी से मिलक रोड, तहसील मिलक, जिला रामपुर (उ.प्र.), जिसमें का भूतल क्षेत्रफल 133 वर्ग मीटर, प्रथम तल क्षेत्रफल 133 वर्ग मीटर एवं द्वितीय तल क्षेत्रफल 69.98 वर्ग मीटर तथा भूमि का क्षेत्रफल 133.779 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री ओम प्रकाश गंगवार, श्री ओम कमल एवं श्री ओम आनंद पुत्रगण श्री थान सिंह के नाम), पंजीकृत है बही संख्याः 4888, दिनांक 06.11.2012, जिल्द संख्या 2363, पृष्ठ संख्या 147 से 174 **चौहद्दीः पूर्व** : मिलक-केमरी रोड, **पश्चिम** : स्वामी का प्लॉट, **उत्तर** : अन्य का मकान, **दक्षिण** : स्वामी का प्लॉट।<br>**सम्पति संख्या 2**- आवासीय संपत्ति स्थित है ग्राम रसदंडिया, तहसील मिलक, जिला रामपुर (उ.प्र.)-244921, जिसका क्षेत्रफल 131.09 वर्ग मीटर है (नामित है तथा श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री राम औतार के नाम) पंजीकृत है बही संख्याः 7103, दिनांक 10.11.2016, जिल्द संख्याः 3151, पृष्ठ संख्याः 175 से 200, **चौहद्दीः पूर्व** : 12 फीट चौड़ा रास्ता, **पश्चिम** : जगन लाल का खेत, **उत्तर** : अन्य व्यक्ति का प्लॉट, **दक्षिण** : अन्य का प्लॉट। | 08.08.2023<br>रू.42,98,186.00/- + ब्याज और अन्य शुल्क, 08.08.2023 से प्रभावी<br>सांकेतिक कब्जा | सम्पत्ति नं. 1 के लिए<br>(A) रू. 41,48,000/-<br>(B) रू. 4,14.800/-<br>(C) रू. 25,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2074<br>सम्पत्ति नं. 2 के लिए<br>(A) रू. 8,90,000/-<br>(B) रू. 89,000/-<br>(C) रू. 15,000/-<br>सम्पत्ति ID संख्याः PUNBMBD2073 | |

**कृपया सरफेसी अधिनियम-2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिनों का वैधानिक नोटिस पढ़ें। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि- ई-नीलामी से पूर्व**

ई-नीलामी **"जहां है जैसा है"** और **"जो है जैसा है"** के आधार पर की जा रही है और इसे "ऑनलाइन" आयोजित किया जाएगा। नीलामी बैंक के अनुमोदित वेब पोर्टल, **https://baanknet.com/, ssupport.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** के माध्यम से आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी वेब पोर्टल जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री की सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं **https://baanknet.com/, support.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्तियों का शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावे/अधिकार/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। बैंक की प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है, चाहे वे बैंक को ज्ञात हों या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तरह से तीसरे पक्ष के दावे/अधिकारों/बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निमाण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। ई-नीलामी की अन्य नियम और शर्तें **https://baanknet.com/, support.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** पर प्रकाशित हैं। सबसे अधिक बोली लगाने वाले को बोली/बिक्री राशि का **25% संबंधित ईएमडी खाता** में तुरंत जमा करना होगा, बयाना राशि उसी **25%** के प्रतिकुल समायोजित की जाएगी। यदि निर्धारित समय के भीतर 25: राशि जमा नहीं की जाती है, तो बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। सफल प्रतिभागी को बिक्री की पुष्टि की तारीख से **15 दिन** के भीतर शेष **75%** राशि जमा करनी होगी। यदि निर्धारित समय के भीतर **75%** राशि जमा नहीं की जाती है, तो **25%** भी जब्त कर ली जाएगी और प्रतिभागी का संपत्ति पर कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें **मण्डल कार्यालय, श्री अनिल कुमार : +91 9674156363, श्री अरविन्द सिंह +91 9528411891**

दिनांकः 10.10.2026 स्थान : मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर प्राधिकृत अधिकारी- पंजाब नैशनल बैंक